वर्ष- 3 , अंक- 02
छपरा
23 नवंबर रविवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## बर्फ से ढंका बद्रीनाथ धाम, उत्तराखंड में जमने लगी झील



### राजस्थान में सर्दी से थोड़ी राहत; मध्य प्रदेश के 7 जिलों में शीतलहर

**नई दिल्ली/भोपाल,एजेंसी।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को नवंबर की पहली बर्फबारी हुई थी। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया। यहां का तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।चमोली जिले की ही शेषनेत्र झील भी जम गई है। वहीं 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पिथौरागढ़ का आदि कैलाश इलाके में भी बर्फबारी हुई है। इससे इलाके की सभी झीलें जम गई हैं। इलाके की सुंदरता को देखने पर्यटक भी पहुंच रहे हैं।

इधर, राजस्थान में सप्ताह भर बाद सर्दी से राहत मिली है, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान भी 1 डिग्री तक बढ़कर कई शहरों में सिंगल से डबल डिजिट में आ गया। अगले 2 सप्ताह तक तापमान में गिरावट नहीं होगी। हालांकि, उत्तरी-पश्चिमी हवा से धुंध (स्मॉग) छानी शुरू हो गई है। इससे दिन में धूप अन्य दिनों के मुकाबले कमजोर रही है।

मध्य प्रदेश में बीते दो दिन में सर्दी से 2 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को भोपाल, इंदौर समेत 7 जिलों में शीतलहर चली। पचमढ़ी में पहली बार पारा 5.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। नर्मदापुरम में विजिबिलिटी 500 मीटर दर्ज की गई।

## हिमाचल के विंग कमांडर दुबई एयर शो में शहीद



**कांगड़ा ,एजेंसी।** दुबई एयर शो में क्रैश एयरफोर्स के लड़ाकू विमान तेजस हादसे में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के रहने वाले विंग कमांडर नमांश स्याल (34) शहीद हो गए। दुबई में औपचारिकताएं पूरी करके नमांश की पार्थिव देह के सोमवार तक कांगड़ा पहुंचने की उम्मीद है। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव नगरोटा बगवां में किया जाएगा।

नमांश के पिता जगरनाथ स्याल को बेटे की शहादत की खबर यू-ट्यूब पर वीडियो देखते-देखते मिली। हादसे से एक दिन पहले बेटे ने ही एयर शो के वीडियो टीवी या यू-ट्यूब पर देखने को कहा था। तभी पिता जगरनाथ को तेजस विमान के क्रैश होने की खबर दिखी।उन्होंने बताया, मैं एयर शो के वीडियो देख रहा था, तभी एक रिपोर्ट में तेजस के गिरने की खबर आई। दिल दहल गया। इसके बाद, उन्होंने अपनी बहू को फोन किया, जो खुद भी वायुसेना में हैं।

## सांसद चंद्रशेखर रावण को एक्स गर्लफ्रेंड रोहिणी की धमकी

### इंडिया आ रही हूं, तुझे पूरी तरह खत्म करूंगी, अमित शाह भी बचा नहीं पाएंगे



**इंदौर,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर और उनकी कथित एक्स गर्लफ्रेंड डॉ. रोहिणी घावरी के बीच विवाद थम नहीं रहा है। इंदौर की रहने वाली रोहिणी ने अब दावा किया है कि चंद्रशेखर ने उनके मां-पिता को जेल भिजवाने की धमकी दी है।

रोहिणी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मेरे मम्मी-पापा मेरे भगवान हैं। उन्हें थोड़ी भी तकलीफ पहुंचाने की कोशिश भी मत करना वरना इंडिया आकर अपनी ताकत दिखाऊंगी। अमित शाह भी बचा नहीं पाएंगे। तेरी लड़ाई मुझसे है न। मुझसे लड़। पूरे देश में मेरे खिलाफ स्वढ्क्र करा, मेरी हत्या करा दे, जो करना है, कर। लेकिन मेरे परिवार को बीच में मत ला।

## मिजोरम में बीएसएफ और नारकोटिक्स ने जब्त किए 4.79 करोड़ के ड्रग्स

**आईजोल,एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गोपनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ आईजोल तथा एक्साइज एवं नारकोटिक्स विभाग, मिजोरम की संयुक्त टीम ने शनिवार को पश्चिम आईजोल क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने संयुक्त अभियान के दौरान 5.89 किलो मेथाम्फेटामाइन तथा 41 ग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 4.79 करोड़ से अधिक बताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान चार ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें दो म्यांमार के नागरिक भी शामिल हैं।

### जी20 समिट में मेलोनी से मिले मोदी

## ब्राजीली राष्ट्रपति डि-सिल्वा को गले लगाया ; बोले- पुराने डेवलपमेंट मॉडल ने रिसोर्स छीने, इसे बदलना जरूरी



**केप टाउन,एजेंसी।** पीएम मोदी ने जोहान्सबर्ग में शनिवार को जी20 समिट में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दुनियाभर के नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान ब्राजीली राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा को उन्होंने गले लगा लिया।

इसके बाद मोदी ने समिट के पहले सेशन में भाषण दिया। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों पर भारत का नजरिया दुनिया के सामने रखा। मोदी ने पुराने डेवलपमेंट मॉडल के मानकों पर दोबारा सोचने की अपील की। उन्होंने कहा- पुराने डेवलपमेंट मॉडल ने रिसोर्स छीने, इसे बदलना जरूरी है।दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प इस समिट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसपर अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने कहा कि उन्हें यह अध्यक्षता किसी खाली कुर्सी को सौंपनी होगी। रॉयटर्स के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

2026 में जी20 की अध्यक्षता अमेरिका को मिलनी है, लेकिन कोई अमेरिकी ऑफिशियल इसमें शामिल नहीं हुआ है। ट्रम्प ने आखिरी सेशन में मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी।



### मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। उन्होंने ङ्ग पर कहा कि- यह साल भारत-ब्रिटेन साझेदारी में नई एनर्जी लेकर आया है और हम इसे अलग-अलग क्षेत्रों में आगे बढ़ाते रहेंगे।

**यूक्रेन को समर्थन देने के लिए जी20 के बाद बैठक की तैयारी में यूरोपीय नेता:**जी20 समिट के इतर यूरोपीय नेता जोहान्सबर्ग में अलग से बैठक करने की तैयारी कर रहे हैं। इसका मकसद यूक्रेन के प्रति मजबूत समर्थन दिखाना है। यूरोपीय देशों का मानना है कि यूक्रेन अगर रूस से हार गया तो उनका भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

रूस ने अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर फरवरी 2022 में आक्रमण किया था। यूरोपीय देश नहीं चाहते कि शांति समझौता से रूस को फायदा हो और यूक्रेन को नुकसान।

## दिल्ली ब्लास्ट: आतंकी डॉक्टर्स की अलग-अलग हैंडलर को रिपोर्टिंग थी

- हथियारों के लिए फंडिंग की ; उसी पैसे के लिए झगड़े थे उमर-मुजम्मिल



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली ब्लास्ट मामले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी नेटवर्क, हैंडलर्स की चेन और कई को-ऑर्डिनेटेड हमलों की तैयारी का खुलासा किया है। न्यूज एजेंसी ह्लह्ल के मुताबिक इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था।

मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था। ये सभी हैंडलर लेयर्स में काम कर रहे थे। इधर, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम श्रीनगर में हैं। यह टीम J&K पुलिस की हिरासत में लिए गए डॉक्टरों और संदिग्धों से पूछताछ करने वाली है।

### दिल्ली ब्लास्ट पर खुफिया एजेंसियों के खुलासे

- आरोपी मुजम्मिल ने 6.5 लाख रुपए में एक एके-47 राइफल खरीदी थी, जो बाद में अदील के लॉकर से मिली थी। यह मॉड्यूल के पीछे की तैयारी और फाइनेंसिंग के लेवल को दिखाता है।
- 2022 में मुजम्मिल-अदील और मुजफ्फर अहमद, ओकासा नाम के एक व्यक्ति के कहने पर तुर्की गए थे। उन्हें तुर्की में एक कॉन्टैक्ट के जरिए अफगानिस्तान भेजा जाना था। लेकिन एक हफ्ते तक इंतजार कराने के बाद हैंडलर पीछे हट गया।
- ओकासा ने मुजम्मिल से एक टेलीग्राम ID के जरिए बात की थी। मुजम्मिल के हैंडलर के बारे में पूछने के बाद उनकी बातचीत और बढ़ गई।
- उमर बम बनाने के वीडियो, मैनुअल और ऑनलाइन ओपन-सोर्स कंटेंट की स्टडी कर रहा था। उसने नूंह से केमिकल इंग्रेडिएंट्स, भागीरथ पैलेस और फरीदाबाद के NIT मार्केट से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स खरीदे थे।
- उमर ने केमिकल्स को स्टोर करने और एक्सप्लोसिव मिक्सचर तैयार करने के लिए एक डीप फ्रीजर भी खरीदा था। फ्रीजर का इस्तेमाल कंपाउंड को स्टेबल करने और प्रोसेस करने के लिए किया गया था।

### दिल्ली दंगा : पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-

## उमर खालिद...शरजील के ट्रायल को पूरा होने में लग सकते हैं दो साल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज उमर खालिद और शरजील इमाम समेत कई आरोपियों के ट्रायल को पूरा होने में दो साल का समय लग सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को तय की है। शीर्ष अदालत दिल्ली पुलिस की उन सात आरोपियों की जमानत याचिकाओं का विरोध करने वाली दलीलें सुनना जारी रखेगी, जिन्होंने जमानत के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुनवाई के दौरान, दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी थी कि आतंकवाद में शामिल बुद्धिजीवी और भी खतरनाक होते हैं।

दिल्ली पुलिस ने आगे कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन का बड़ा मकसद देश में सरकार बदलना और आर्थिक तंगी लाना था। पुलिस के मुताबिक, साजिश करने वालों ने कई व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये समन्वय बनाया। शरजील इमाम की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने दलील दी कि दिल्ली पुलिस ने जो वीडियो दिखाए हैं, वे सिर्फ तीन घंटे लंबे भाषणों से लिए गए छोटे क्लिप हैं और इनका मकसद आरोपी के पक्ष को कमजोर करना है।



### दिल्ली पुलिस ने किए कई खुलासे

दिल्ली पुलिस ने आगे कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की योजना सिर्फ एक गुमराह करने वाली बात थी। पुलिस ने दावा किया कि इसका बड़ा मकसद देश में राज बदलना और आर्थिक हालातों को बिगाड़ना था। पुलिस के मुताबिक, साज़िश करने वालों ने कई व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए कोऑर्डिनेट किया, जिसमें DPSG- कथित तौर पर चक्का जाम और धरनों की प्लानिंग की गई थी। MSJ ग्रुप में (जेएनयू के मुस्लिम स्टूडेंट्स), और JCC (जामिया कोऑर्डिनेशन कमेटी) शामिल हैं। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया कि उमर खालिद और शरजील इमाम ने जेएनयू और जामिया के स्टूडेंट्स को इकट्ठा करने के लिए MSJ और SOJ जैसे सांप्रदायिक स्टूडेंट ग्रुप्स बनाकर या उनका इस्तेमाल करके सेंट्रल रोल निभाया, जिससे कैंपस का सेक्युलर ताना-बाना टूटा और दंगों से पहले प्रोटेस्ट करने में मदद मिली।

## ठाणे जिले के अंबरनाथ में कार कई वाहनों से टकरा कर पलटी, 4 की मौत, 3 घायल



**मुंबई,एजेंसी।** ठाणे जिले के अंबरनाथ में नगर निकाय के चुनाव प्रचार कर रहे उम्मीदवार की कार बीती रात कई वाहनों को टक्कर मारते हुए पलट जाने से 4 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। इस घटना की जांच अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

अंबरनाथ के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ़ पुलिस (एसीपी) शैलेश काले ने शनिवार को बताया कि एक्सीडेंट में कार ड्राइवर समेत 04 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में दुर्घटनाग्रस्त वाहन पूरी तरह से कुचल गए हैं। मृतकों के शव बरामद कर सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तीन और लोग घायल हुए हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के लिए शिवसेना शिंदे समूह की उम्मीदवार किरण चौबे अपने ड्राइवर लक्ष्मण शिंदे के साथ चुनाव प्रचार के लिए मटका चौक के पास बुवा पाड़ा इलाके की ओर कार से जा रही थीं, तभी कार चालक का पैर अचानक एक्सीलेटर में फंस गया और कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार कई दोपहिया वाहनों को कुचलते हुए डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

### अब बैठक में बिना मंजूरी किसी भी मामले पर चर्चा नहीं

## सबरीमाला विवाद के बीच टीडीबी अध्यक्ष का आदेश जारी



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल के सबरीमाला मंदिर में सोने की परत के विवाद में अब एक नया मोड़ आ गया है। इसके तहत त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अध्यक्ष के जयकुमार ने एक नया आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अब बोर्ड की बैठकों में कोई भी मामला उनके पूर्वानुमोदन के बिना पेश नहीं किया जाएगा। यह आदेश शुक्रवार को जारी किया गया। माना जा रहा है कि यह कदम हाल ही में सबरिमाला मंदिर से सोने की परत चोरी के विवाद के बाद उठाया गया है। इस मामले में दो पूर्व टीडीबी अध्यक्षों को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने गिरफ्तार किया था। **आदेश में कुल पांच बातों पर मुख्य फोकस :**बता दें कि टीडीबी द्वारा जारी आदेश में कुल पांच बातों पर मुख्य फोकस किया गया है। इसके तहत पहली बात ये है कि जो भी विषय अध्यक्ष से पहले मंजूर नहीं होंगे, उन्हें बोर्ड की बैठक में नहीं रखा जाएगा। दूसरी बात अध्यक्ष द्वारा मंजूर किए गए सभी मामलों को फोल्डरों में संकलित कर बैठक में उन्हें और बोर्ड के सदस्यों को सौंपा जाएगा।

## दिल्ली- आईएसआई कनेक्शन वाला हथियार तस्करी नेटवर्क पकड़ा

### पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियार मंगाते; लॉरेंस-गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे


**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को ISI कनेक्शन वाले एक बड़े इंटरनेशनल हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हाईटेक हथियार मंगवाकर लॉरेंस, गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद रोहिणी एरिया में ट्रैप बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से तुर्की और चीन में बने 10 हाई-टेक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए।

पुलिस का कहना है कि बरामद हथियारों की क्वालिटी और नेटवर्क का विस्तार देखकर साफ है कि यह एक संगठित और हाई-फंडेड तस्करी मॉड्यूल था।

पुलिस का कहना है कि बरामद किए गए हथियार बहुत आधुनिक हैं और इनके पीछे बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था। इससे लग रहा है कि यह तस्करी का संगठित और हाई-फंडेड मॉड्यूल था।

**हथियार पहले तुर्की-चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते थे :** पुलिस के मुताबिक यह रैकेट



पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा था। हथियार पहले तुर्की और चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते, फिर वहां से ड्रोन के जरिए पंजाब में गिराए जाते थे। इसके बाद इन्हें यूपी और पंजाब के तस्करों की मदद से दिल्ली और आसपास के राज्यों तक भेजा जाता था और इसे लॉरेंस, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग को पहुंचाया जाता था। नेटवर्क हवाला के जरिए पाकिस्तान पैसा भेजता था।

**क्राइम ब्रांच पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी :** गिरफ्तार आरोपी पंजाब और यूपी के रहने वाले हैं। इनका नाम मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि अब तक कितनी खेप भारत में भेजी जा चुकी है और किन गैंग्स तक हथियार पहुंचे। क्राइम ब्रांच मोबाइल लोकेशन, बैंक रिकॉर्ड और सोशल मीडिया लिंक के जरिए पूरे नेटवर्क और उसके विदेशी कनेक्शन की जांच कर रही है।

# सारण एसएसपी के औचक निरीक्षण में 3 पुलिसकर्मी पर गिरी गाज



**सारण, एजेंसी।** सारण वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने जनता की सुरक्षा के प्रति सारण पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, देर रात विभिन्न थाना क्षेत्रों की गश्ती टीमों का औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान एसएसपी डॉ. आशीष ने भिखारी ठाकुर चौक पर तैनात नगर थाना की गश्ती टीम की जाँच की। जाँच के दौरान जो बातें सामने आए वह ड्यूटी के प्रति पुलिसकर्मियों की उदासीनता और अनुशासनहीनता को दर्शाते हैं।

सहायक अवर निरीक्षक सुमन कुमार ने ड्यूटी के समय मोबाइल फोन का उपयोग करते पाया गया जो की गश्ती के दौरान सतर्कता एवं गंभीर उल्लंघन को दर्शाता है, जबकि सिपाही संख्या 137 मनिंदर कुमार ये ड्यूटी दौरान सोते हुए पकड़े गए जनता की सुरक्षा के लिए तैनात सिपाही इस तरह के कर्तव्य से विमुख अत्यंत निंदनीय है, वही बी. एच. जी. संख्या 3031 आशुतोष मिश्रा इन्हें बिना वर्दी सिविल ड्रेस में ड्यूटी करते पाया गया जो पुलिस ड्रेस कोड और अनुशासन का सीधा उल्लंघन है। ड्यूटी में इस प्रकार की गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता को देखते हुए, वरीय पुलिस अधीक्षक ने तीनों ही पुलिसकर्मियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक कर दिया है। इसके साथ ही, तीनों पुलिसकर्मियों को अपनी इस घोर लापरवाही के संबंध में 05 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कठोर विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सारण पुलिस जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता या शिथिलता कतई स्वीकार्य नहीं होगी।

एसएसपी का यह औचक निरीक्षण और तत्पश्चात त्वरित कार्रवाई, जिले के अन्य पुलिसकर्मियों के लिए एक सख्त चेतावनी है कि वे अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी, मुस्तैदी और अनुशासन के साथ निभाएँ, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था उच्च स्तर पर बनी रहे और जनता का विश्वास पुलिस में सुदृढ़ हो सके।

## खगड़िया में अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, एक की मौत एक गंभीर घायल, हादसे में गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त



**खगड़िया,एजेंसी।** खगड़िया के मड़ैया थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। देवरी कब्रिस्तान के समीप एक स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन पेड़ से टकराने से पहले करीब 20 फीट हवा में उछल गया था।

**स्थानीय लोगों ने निकाला बाहर:** सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे दो लोगों को बाहर निकाला गया। एक युवक बेहोशी की हालत में था, जिसे तुरंत गोगरी रेफरल अस्पताल भेजा गया। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में कार में सवार दूसरे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान वैसा निवासी राजो मंडल के 32 वर्षीय बेटे विजय कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की पहचान किरण चौरसिया के 32 वर्षीय बेटे रूपेश कुमार के रूप में की गई है।

**जंगल के कारण बचाव दल को हुई परेशानी:** हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। कार कहां से आ रही थी और कहां जा रही थी, इसकी जांच की जा रही है। घना अंधेरा, सड़क किनारे गड्ढे और आसपास जंगल होने के कारण बचाव दल को क्षतिग्रस्त कार को निकालने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मड़ैया थाना अध्यक्ष रिकी कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

## हाईटेंशन तार चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार चोरों के पास से 100 मीटर तार और मॉडर्न औजार पुलिस ने किया बरामद



**फतुहा, पटना,एजेंसी।** पटना के आसपास क्षेत्र में 11 केवीए और 33 केवीए जैसे हाई-टेंशन बिजली के तारों की लगातार चोरी हो रही। फतुहा पुलिस ने 3 चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरियों के कारण कई ग्रामीण और शहरी इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। फतुहा थानाध्यक्ष सदानंद साह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। इसी क्रम में रसलपुर गांव के पास एक बाइक पर सवार 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दनियावां चौड़ा निवासी पंकज कुमार, खुसरुपुर के राकेश कुमार और विशाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने 100 मीटर बिजली के तार के साथ-साथ चोरी में इस्तेमाल होने वाले मॉडर्न औजार भी बरामद किए हैं।

**अन्य की गिरफ्तारी भी होगी :** बरामद सामानों में एक बैट्री चालित कटर मशीन, एक बड़ा लोहा कटर, एक टूल किट, 2 मोबाइल फोन और वारदात में उपयोग की गई एक बाइक शामिल है। ये पेशेवर चोर हाई-टेक उपकरणों का इस्तेमाल कर बड़ी ही सफाई से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। थानाध्यक्ष सदानंद साह ने बताया कि यह गिरोह बड़ा है और इसमें शामिल अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है। इन तीनों आरोपियों को गहन पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस जल्द ही इस पूरे गिरोह के बाकी सदस्यों को भी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## मंदिर में 34 भूमिहारों का गला काटा, महिलाओं से बदसलूकी विधवाओं का गांव बन गया था सेनारी

**पटना एजेंसी।** बिहार विधानसभा में कट्टा, रंगदारी, दोनाली की गूंज रही। मोदी से लेकर बीजेपी के बड़े-बड़े नेताओं ने अपने मंचों से जंगलराज की याद दिलाई। पढ़िए बिहार के सेनारी नरसंहार की कहानी 18 मार्च 1999- अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे। बिहार में राबड़ी देवी को दूसरी बार मुख्यमंत्री बने 9 दिन ही हुए थे। अरवल जिले में एक गांव है सेनारी। तब ये गांव जहानाबाद में पड़ता था। रात के 7.30 बजे थे। करीब 400-500 लोगों की भीड़ बंदूक और देसी हथियार लिए गांव की ओर तेजी से बढ़ रही थी। कुछ लोग पुलिस की वर्दी में थे और कुछ ने लुंगी बनियान पहन रखी थी। गांव से करीब 2 किलोमीटर पहले सहरसा नाम की पुलिस चौकी थी। थाने में हल्की लाइट जल रही थी। 5-6 जवान इधर-उधर टहल रहे थी। भीड़ में शामिल लंबे कद काठी का एक आदमी बोला- 'आधे लोग यहीं रुक जाओ। थाने को घेर लो।' ये आदमी इस भीड़ का कमांडर था।

## तेज रफ्तार पीकअप की चपेट में आने से मासूम की मौत

**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया पुलिस जिला स्थित नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर गुदरिया स्थित बनकटवा गाँव में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया.तेज रफ्तार से आ रही पीकअप ने अचानक सड़क किनारे बैठे मनोज बैठा के 12 वर्षीय पुत्र प्रदीप बैठा को जोरदार टक्कर मार फरार हो गया.टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रदीप ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की खबर फैलते ही पूरे गाँव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदीप के शव को मुख्य सड़क पर रखकर प्रशासन को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया.ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलने पर नियंत्रण नहीं होने के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं.उन्होंने मृतक के परिवार को मुआवजा देने और दोषी चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई.मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया.घटना के बाद बनकटवा गाँव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है. ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने की भी मांग की है, ताकि ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## भारत से नेपाल प्रवेश करते ही 103 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**अररिया एजेंसी।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित जोगबनी का टिकुलिया बस्ती सूखा नशा के कारोबार का केन्द्र बन गया है।आए दिन कार्रवाई के बावजूद सुखा नशा के कारोबार पर विराम नहीं लग पा रहा है।इसी कड़ी में शुक्रवार को जोगबनी टिकुलिया बस्ती से नेपाल प्रवेश करते ही एक नेपाली नागरिक को नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने 103 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो टीम को सूचना मिली थी कि टिकुलिया बस्ती से मादक पदार्थ आने वाला है,जिसको लेकर जोगबनी टिकुलिया बस्ती से सटे नेपाल परिक्षेत्र में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम मुस्तैद हो गई।इसी क्रम में टिकुलिया बस्ती के नेपाल साइड में विराटनगर महानगरपालिका वार्ड नंबर 16 दरहैया चौक पर बाइक सवार को रोक कर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने जांच की तो पेंट की जेब में 103 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 39 वर्षीय राजू बी.के. मोरंग जिले के सुंदर हरेचा निवासी के रुप में हुई है।। पूछताछ में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने



## जमीन विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की किया हत्या

**अररिया , एजेंसी।** जिले के महलगांव थाना क्षेत्र के टेकनी गांव वार्ड संख्या 03 में अहले सुबह संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दीनानाथ विश्वास उम्र करीब 50 वर्ष पिता दरोगी विश्वास के रूप में हुई है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि दीनानाथ विश्वास बीते कल सुबह 08 बजे घर से निकला था, लेकिन रात भर वापस घर नहीं आए। सुबह ग्रामीणों ने घर के बगल स्थित एक गड्ढे में उनका शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर महलगांव थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुँची महलगांव थाना पुलिस, एसडीपीओ सुशील कुमार एवं फॉरेंसिक टीम, घटनास्थल की




जांच की।

शव की स्थिति और आसपास के हालात को देखते हुए पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए छानबीन शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा गया है। महलगांव थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि होगी।ग्रामीणों व परिजनों के अनुसार मृतक और आरोपी पक्ष दोनों आपस में सगे भाई हैं। उल्लेखनीय है कि मृतक और आरोपी का माता एक,लेकिन पिता अलग अलग है।वही मृतक के परिजन का आरोप है की हरीशचंद विश्वास पिता स्व. उम्मन विश्वास, मंजुला देवी पति हरीश चंद विश्वास ग्राम टेकनी वार्ड संख्या 3 ने कुछ अपराधियों के साथ मिलकर हत्या किया है। लंबे समय से जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था।परिजनों का दावा है कि इससे पहले भी इसी विवाद को लेकर मृतक की मां बेचनी देवी और बेटे सतीश की हत्या कर दी गई थी। अब पिता दीनानाथ की मौत से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। मृतक अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, जिसमें नीतीश उम्र 16 वर्ष,रंजीत उम्र 10 वर्ष और बेटी आशा कुमारी उम्र 13 वर्ष हैं। पुलिस ने कहा सभी पहलुओं पर जांच जारी है, दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## पटना में बस ने बाइक सवार भाइयों को कुचला

### एक की मौत, दूसरा घायल आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा

**पटना,एजेंसी।** पटना बाइपास पर शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार 2 भाइयों को कुचल दिया। हादसे में 1 भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास हुई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया और कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलने पर अगमकुआं और जीरो माइल ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। जिलाधिकारी के आदेश पर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पंचरुखिया निवासी राहुल कुमार सिंह (25) अपने भाई रजनीश कुमार के साथ घर जा रहे थे। जीरो माइल के पास पहुंचते ही रॉन्ग साइड से आ रही एक बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक भाई



सड़क के दाहिनी ओर और दूसरा बाईं ओर गिर गया। दाहिनी ओर गिरे राहुल कुमार सिंह को बस ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राहुल अवधेश कुमार के बेटे थे।

**बस चालक गिरफ्तार होगा**

आसपास के लोगों ने बताया कि यह घटना जय हनुमान नामक बस से हुई है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि रात के समय बस और ट्रक चालक अक्सर गलत दिशा से तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं और ट्रैफिक पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस मामले पर ट्रैफिक थाना प्रभारी नीरज कुमार झा ने बताया कि बस की पहचान कर ली गई है। पुलिस बस चालक की गिरफ्तारी और बस को जब्त करने के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

## आईएसआई संचालित मॉड्यूल का खुलासा बहार का हर्ष बिहिया से हुआ गिरफ्तार

### हर्ष की जिम्मेदारी हैंड ग्रेनेड फेंक दहशत फैलाने की थी

**आरा,एजेंसी।** लुधियाना में एनकाउंटर के बाद आईएसआई संचालित टेरर मॉड्यूल का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार सदस्यों में बिहार के भोजपुर जिले का हर्ष ओझा (20 वर्ष) भी शामिल है। उसे आईएसआई ने हैंड-ग्रेनेड फेंक राजस्थान, पंजाब व बिहार के बड़े शहरों में दहशत फैलाने की जिम्मेदारी दी थी। हर्ष को इसी वर्ष अप्रैल-मई में दिल्ली साइबर सेल की पुलिस हथियार का फोटो वायरल करने के आरोप में गांव से गिरफ्तार कर ले गई थी। तिहाड़ के बाल सुधार गृह में रखा गया था। नाबालिग होने के कारण हर्ष की जमानत होगई। उसे लुधियाना पुलिस ने बुधवार की रात उसके गांव बिहिया के कल्याणपुर से गिरफ्तार किया। आईएसआई द्वारा संचालित एक



बड़े आतंकी मॉड्यूल को लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने समय रहते ध्वस्त कर दिया। एनकाउंटर में घायल हुए दो आरोपी दीपू और रामलाल राजस्थान के फाजिल्का के रहने वाले हैं।

दोनों पाकिस्तान के हैंडलर जसवीर उर्फ चौधरी के निर्देश पर लुधियाना में चीनी ग्रेनेड की डिलीवरी लेने आए थे। डिलीवरी के बाद उन्हें पंजाब और आसपास के राज्यों में कई संवेदनशील जगहों पर ग्रेनेड हमले करने थे। इस पूरे मॉड्यूल का संचालन पाकिस्तान से जसवीर उर्फ चौधरी कर रहा था, जो आईएसआई और कई आतंकी संगठनों से जुड़ा है और भारत में अस्थिरता फैलाने के लिए भर्ती कर रहा था। भोजपुर पुलिस अधीक्षक राज ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**कैसे हुआ मॉड्यूल का पर्दाफाश :** पूरे नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब लुधियाना पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट के साथ मिलकर फिरोजपुर के शमशेर सिंह, हरियाणा के अजय और बिहार के हर्ष कुमार ओझा को गिरफ्तार किया। शमशेर पिछले छह महीनों से बस्ती जोधेवाल में अपनी बहन के घर रह रहा था और यहीं से मॉड्यूल का स्थानीय संचालन संभाल रहा था।

## चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए सारण पुलिस ने किया अवैध हथियार का खुलासा

**सारण,एजेंसी।** मांझी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक साधारण गेंहू चोरी के मामले की जांच के दौरान अवैध आग्नेयास्त्रों के गोरखधंधे का बड़ा खुलासा किया है। इस कार्रवाई में एक देशी कट्टा बरामद किया गया है, साथ ही एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस को यह सफलता तब मिली जब घोड़हट गांव के निवासी वीरेंद्र प्रसाद ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ अपने घर से पांच बोरा गेंहू




की चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही मांझी थाना पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को पकड़कर पूछताछ के लिए थाना लाई। पूछताछ के दौरान आरोपी के मोबाइल फोन की जांच की गई, जिसने मामले को पूरी तरह से पलट दिया। पुलिस को मोबाइल गैलरी में आरोपी और उसके एक अन्य सहयोगी की अवैध हथियार के साथ तस्वीर मिली। अवैध हथियार वाली तस्वीर मिलते ही पुलिस ने आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि हथियार उसका नहीं, बल्कि उसके सहयोगी समीकांत ओझा का है, जिसे डुमरी गांव स्थित उसके घर में छिपाया गया है। इस सूचना पर मांझी पुलिस टीम ने बिना देर किए आरोपी के निशानदेही पर त्वरित छापामारी की। समिकांत ओझा के डुमरी स्थित निवास स्थान पर हुई छापेमारी में पुलिस को सफलतापूर्वक एक देशी कट्टा बरामद हुआ। हथियार बरामद होने के बाद समिकांत ओझा को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मुख्य अभियुक्त समिकांत ओझा ने खुलासा किया कि वह इस अवैध हथियार का इस्तेमाल ग्रामीणों में भय और आतंक फैलाने के उद्देश्य से करता था। इस मामले में पुलिस ने कुल एक अभियुक्त समिकांत ओझा को गिरफ्तार किया है

## बिहार में 2 दिन बाद और बढ़ेगी ठंड

**पटना एजेंसी।** पटना सहित पूरे बिहार में ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। नवंबर का तीसरा सप्ताह खत्म होते-होते मौसम का मिजाज तेजी से बदलने लगा है। दिन में हल्की गर्माहट महसूस हो रही है, लेकिन सुबह-रात में ठंड लगातार बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले 2 दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। 24 नवंबर से ठंड का असर पूरे राज्य में अधिक महसूस होगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 3-4 दिनों में दिन के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन रात का पारा तेजी से नीचे आएगा। 24 घंटे बाद राज्य के अधिकतर जिलों में न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही सुबह-शाम की ठिठुरन बढ़ेगी और लोगों को सर्द हवा का प्रभाव और ज्यादा महसूस होगा। यह गिरावट उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं के बिहार की ओर बढ़ने के कारण देखने को मिल रही है। औरंगाबाद में सबसे कम 13.2 डिग्री सेल्सियस रहा पारा शुक्रवार को राजधानी पटना का अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा ऊपर रहा।

## छपरा में ए.एल.टी.एफ. की गाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**सारण,एजेंसी।** छपरा नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक अत्यंत दुखद घटना हुई, जहाँ एक पुलिस वाहन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पुरानी गुरहट्टी निवासी आरती देवी के रूप में हुई है, जो पिछले दो दिनों से थाने के एक पदाधिकारी के लिए खाना बनाने का काम कर रही थीं। जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब ए. एल. टी. एफ. की एक प्राइवेट गाड़ी और थाने के एक कर्मी की गाड़ी को स्टार्ट कर आगे बढ़ाया जा रहा था। जिस जगह पर दोनों गाड़ियां खड़ी थीं, ठीक उसी समय आरती देवी वहाँ से गुजर रही थीं। पुलिस उपाधीक्षक राम पुकार सिंह के मुताबिक गाड़ी स्टार्ट होते ही जैसे




ही आगे बढ़ी, महिला दुर्भाग्यवश नियंत्रण खो बैठीं और दूसरी खड़ी गाड़ी से टक्कर लगने के क्रम में जमीन पर गिर गईं।

**इस दौरान, ए. एल. टी. एफ. की प्राइवेट गाड़ी का पहिया महिला के पैर पर चढ़ :** गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को आनन - फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना

## पशु तस्करों ने गौ सेवकों पर हमला किया:औरंगाबाद में हाईकोर्ट के वकील समेत दो घायल

### पुलिस के कब्जे से गाड़ी छीनकर फरार हुए तस्कर

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में पशु तस्करों ने गौ सेवकों पर हमला कर दिया। घटना शुक्रवार की शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव मोड़ के पास घटित हुई। घटना में पटना हाई कोर्ट के वकील सह गो-रक्षक शशांक शेखर और नरसिंहा गांव निवासी प्रमोद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। हमले के दौरान तस्कर पुलिस के कब्जे से पशु लदे पिकअप वाहन को जबरन छुड़ाकर फरार हो गए। अधिवक्ता शशांक शेखर ने बताया कि शुक्रवार शाम वे अपने घर जा रहे थे, तभी देव मोड़ के समीप एक पिकअप वैन असामान्य तेज रफ्तार से गुजरती दिखी। स्थानीय लोगों की मदद से



जब वाहन को रोका गया और जांच की गई तो उसमें करीब 15 बछड़े अमानवीय तरीके से ठूस-ठूसकर लादे पाए गए। शशांक ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गोवंश को अपने कब्जे में ले लिया।

**तस्करों ने पुलिस के कब्जे से छुड़ाया पशु लदा वाहन :** अचानक 15 से 20 की संख्या में तस्कर वहां पहुंचे और पुलिस व गो-रक्षकों पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने शशांक और स्थानीय दुकानदार प्रमोद सिंह को बुरी तरह पीट दिया। प्रमोद सिंह ने बताया कि तस्करों ने उनके ऊपर वाहन चढ़ाने का भी प्रयास किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के बीच तस्करों ने पुलिस के सामने से ही जब्त किया गया पिकअप वाहन छीन लिया और फरार हो गए। घायल दोनों व्यक्तियों ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।घटना में जख्मी प्रमोद ने आरोप लगाया कि पथरा गांव निवासी आमिर खान 15ङ्क20 लोगों के साथ पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में ही वाहन लेकर चलता बना, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। शशांक शेखर ने कहा कि संडा पशु मेला से अवैध रूप से बड़े पैमाने पर पशुओं की तस्करी की जाती है, जबकि नियम के अनुसार अंतरराज्यीय सीमा से 25 किमी के भीतर ऐसे मेले संचालित नहीं हो सकते। इसके बावजूद संडा में अनुज्ञप्ति जारी कर मेला चलाया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने अनुज्ञप्ति रद्द करने की मांग की है। शशांक ने आरोप लगाया कि औरंगाबाद जिला पशु तस्करों का गढ़ बन गया है। प्रशासन की ढिलाई के कारण तस्करों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन कठोर कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक पशु तस्करी और गौ हत्या पर रोक लगाना मुश्किल होगा। उन्होंने शिवगंज, संडा और बारुण में लगने वाले अवैध पशु मेलों को तुरंत बंद कराने की मांग की है। इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच कार्रवाई की जाएगी।

# पितामह प्रीमियर लीग का हुआ भव्य आगाज



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के बिक्रमपुर में पितामह प्रीमियर लीग का शनिवार को भव्य उद्घाटन से आगाज हुआ। युवा समाजसेवी नीरज कुमार के नेतृत्व में आयोजित पितामह लीग के उद्घाटन समारोह को देखने के लिए काफी संख्या लोग जमा हुए। उद्घाटन मैच का शुभारंभ पितामह पैलेस के निर्माणकर्ता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और सामूहिकता की भावना मजबूत होती है।

उद्घाटन मैच राम इलेवन बनियापुर और आदित्य इलेवन हरायपुर (सिवान) के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राम इलेवन की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और निर्धारित ओवरों में 168 रन का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में उतरी हरायपुर सिवान की टीम रनों का दबाव नही झेल सकी और पूरी टीम 82 रन पर सिमट गई। मैच के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मोईन खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 66 रन की बेहतरीन पारी खेलकर दर्शकों और टीम दोनों का दिल जीता। युवा समाजसेवी नीरज कुमार ने सभी खिलाड़ियों, मेहमानों और दर्शकों का अपना आभार प्रकट किया। कहा कि इस लीग का उद्देश्य मनोरंजन नही है, इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर उपलब्ध कराना है। कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं को एकजुट करना संभव होता है। ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजन से प्रतिभाओं को उभारने का एक सशक्त मंच मिलता है।

## आईजी विकास वैभव का परसा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** पटना से सिवान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे लेट्स इंस्पायर संस्था के संस्थापक आईजी विकास वैभव का परसा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया । स्वागत करनेवालों में सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह,अजयनाथ पूरी,संतोष शर्मा,जितेंद्र सिंह उर्फ भूलन सिंह पप्पू साह, मुख्यरूप से शामिल थे।

## नेशनल जंबूरी के लिए सारण की टीम छपरा जंक्शन से रवाना

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत स्काउट और गाइड की 19वीं नेशनल जंबूरी लखनऊ (उतरप्रदेश) में भाग लेने के लिए सारण जिला की टीम छपरा जंक्शन से रवाना हुई। राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए सभी प्रतिभागियों में उत्साह और जोश देखने को मिला।सारण टीम को हरी झंडी जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह एवम सीपीएस के प्रबंधक डॉ0 विकास सिंह के द्वारा दिखाया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,एसएसजी पब्लिक स्कूल के निदेशक,जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज,स्काउट मास्टर प्रमोद कुमार सिंह, प्रशिक्षक प्रणव,गाइड कैप्टेन कल्पना,मंजू मानस महजूद रही।इस दौरान अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं सारण और बिहार का नाम रोशन करने की शुभकामनाएँ दीं। टीम के प्रस्थान के समय अभिभावकों और स्काउट-गाइड सदस्यों की उपस्थिति से स्टेशन परिसर उत्साहपूर्ण माहौल में बदल गया।राष्ट्रीय जंबूरी में जिले की टीम प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सामाजिक सेवा तथा कैंप जीवन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेगी।जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने कहा कि सारण के स्काउट और गाइड प्रतिभाशाली हैं और इस बार जंबूरी में जिले की उपलब्धियाँ ऐतिहासिक रहेंगी।

## विधायक संजय टाइगर को श्रम संसाधन मंत्री बनाये जाने पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने शुभकामनाएं दी



**दैनिक खोज खबर/पटना।** विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक विजय के बाद सरकार गठन होने के बाद विधायक संजय टाइगर को श्रम संसाधन मंत्री बनाये जाने पर उनके समर्थकों में खुशी है। शनिवार को भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने उन्हें बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर और बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और जीत की बधाई के साथ शुभकामनाएं भी दी।

और इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मंत्री जी का अनुभवी नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और सुशासन का संकल्प ही बिहार को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जायेगा । इस भेंट के दौरान राज्य के समग्र विकास, जनहित एवं जनकल्याण से जुड़े विचारों पर सार्थक चर्चा हुई। मंत्री संजय टाइगर जी का सरल, शांत और सकारात्मक मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक रहा है।उनके नेतृत्व में बिहार निश्चित ही और अधिक समृद्ध, सक्षम और विकसित बनेगा और इस अवसर पर उनको बाबा हरिहरनाथ मंदिर आने का निमंत्रण भी दिया जिसे उन्होंने सहज स्वीकार किया और कहा की बाबा हरिहरनाथ का दर्शन करने जल्दी ही आएंगे इस अवसर पर भाजपा नेता बलिराम सिंह बबलू चौबे मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह युवा मोर्चा सुमंत बाबा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## आईजी विकास वैभव का का डेरनी में हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** डेरनी बाजार पर लेट्स इंस्पायर बिहार के संस्थापक एवं वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आई जी विकास वैभव का डेरनी आगमन पर स्थानीय समाजसेवियों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया।समाजसेवी त्रिलोकी साह के नेतृत्व में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुमंत बाबा, कुंदन सिंह, सुधांशु तिवारी, संजीत कुमार, नितेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रजनीश कुमार, गोविनदा चौधरी, सोनू चौधरी, सोनू कुमार, नितिन कुमार, आकाश कुमार, अंकज चौधरी, अभिषेक कुमार, निप्पू कुमार और मोनू कुमार सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

आई जी विकास वैभव ने युवाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास और युवा जागरूकता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

## लेट्स इंस्पायर बिहार के फाउंडर आईपीएस विकास वैभव का तरैया में हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया निवासी व प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह के आवास पर शनिवार को बिहार के चर्चित आईपीएस अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक व लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के संस्थापक विकास वैभव का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान आईपीएस अधिकारी विकास वैभव का फूल-मालाओं और अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। उपस्थित स्थानीय लोगों व सामाजिक कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए आईपीएस विकास वैभव ने बिहार के गौरवमयी इतिहास की चर्चा की तथा युवाओं को अपने स्वर्णिम इतिहास को जानकर सुखमय भविष्य के निर्माण का आह्वाहन किया। मौके पर जिला पार्षद हरि शंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, डॉ रंजय सिंह, विजय प्रताप सिंह, रामचंदर तिवारी, मंटू सिंह, रवीन्द्र मांझी, श्रीकांत सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# मशरक से पाटलिपुत्र तक ट्रेन चलाने को महाराजगंज सांसद को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन रोड में एक कार्यक्रम में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को मशरक जंक्शन से पाटलिपुत्र जंक्शन तक कार्यालय समयानुसार ट्रेन चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने सौंपा। मौके पर भाजपा जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, संजय तिवारी, मुकेश तिवारी, गौतम ओझा, राकेश महंत समेत अन्य कई मौजूद रहें। ज्ञापन सौंपते समय महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को बताया गया कि मशरक जंक्शन से बिहार की राजधानी पटना को जाने के लिए कार्यालय समयानुसार एक भी ट्रेन नहीं है जिससे इस इलाके के लोगों को दिक्कतों का सामना कर बसों से महंगे किराए देकर जाना पड़ता है। बताया गया कि सुबह 7 बजें से मशरक जंक्शन से पाटलिपुत्र के लिए और शाम में 4 बजें के बाद पाटलिपुत्र से एक ट्रेन चलाई जाए जिससे इस इलाके के रेल यात्रा करने वाले लोगों को इसका लाभ हो। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि ज्ञापन के अनुसार जल्द ही ट्रेन चलवाने के लिए रेल मंत्री से उनकी मुलाकात होंगी और इस मांग को पूरा किया जाएगा।

## भेल्दी थाना का एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण, दो सअनि व दो चौकीदार का वेतन धारित

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** वरीय पुलिस अधीक्षक, डॉ. कुमार आशीष ने शनिवार को भेल्दी थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना की समग्र कार्यप्रणाली, अभिलेखों का रख-रखाव, थाना परिसर की स्वच्छता, शस्त्रागार, मालखाना, लॉकअप व्यवस्था एवं परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की विस्तार से जांच की। उन्होंने गश्ती दलों की सक्रियता तथा पुलिस बल की उपस्थिति एवं तत्परता को भी परखा।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना प्रभारी और मौजूद पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि थाना में आने वाले हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित हो। फरियादों का त्वरित निस्तारण, गश्ती व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा कानून-व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि थाना परिसर की स्वच्छता और प्रत्येक कक्ष की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि आमजन को एक सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल मिल सके।निरीक्षण के क्रम में एसएसपी ने पाया कि स0अ0नि0 राजकुमार कश्यप, स0अ0नि0 शशि भूषण कुमार सहित चौकीदार 4/2 शैलेन्द्र कुमार और 6/2 मुकेश कुमार ड्यूटी के दौरान बिना वर्दी (सिविल ड्रेस) में मौजूद थे। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने चारों के वेतन धारित कर दिए हैं तथा पांच दिनों के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एसएसपी ने कहा कि ड्यूटी में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा एवं सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## आईजी विकास वैभव ने होम्योपैथिक क्लिनिक के 25 वर्ष पूरे होने पर नये ऑफिस का किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के स्टेशन रोड में मां मानकी होम्योपैथिक क्लिनिक के 25 वर्ष पूरे पर नये ऑफिस का उद्घाटन आईजी विकास वैभव, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर डॉ नीतीश चन्द्रा दुबे के साथ भाजपा जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहें। सभी आगत अतिथियों का चिकित्सक डॉ रामप्रकाश ने बुके देकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डॉ रामप्रकाश ने कहा कि क्लीनिक में नये ऑफिस का उद्घाटन किया गया। क्लिनिक के 25 वर्ष पूरे होने पर भी केक काटा गया और लोगों को मिठाई खिलाया गया। डॉ राम प्रकाश ने कहां कि होम्योपैथिक एक स्थाई इलाज प्रक्रिया है। जिस तरह आज के समय में लोग तरह-तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं और एलोपैथ की दवा खाकर खुद साइड इफेक्ट का शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में होम्योपैथी इलाज एक अच्छा विकल्प होगा।

## चोरों द्वारा एटीएम काटने का प्रयास किये जाने की सूचना पर एसएसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** डीआईजी व सारण पुलिस कप्तान डा कुमार आशीष ने परसा थानांतर्गत परसा बाजार में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी के उद्देश्य से एटीएम काटने का प्रयास किये जाने की सूचना पर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। बताते चले कि पुलिस टीम की नियमित गश्ती एवं तत्पर कार्रवाई के कारण अपराधियों का यह प्रयास असफल रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र छपरा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा घटना की गहनता से जांच करने, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा भविष्य में ऐसे अपराधों की रोकथाम को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।



## पुलिस कप्तान ने परसा थाना का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)** सारण पुलिस कप्तान डा कुमार आशीष ने परसा थाना का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान एसएसपी डा कुमार आशीष ने थाने का कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख रखाव,थाना परिसर की साफ सफाई, लॉकअप व्यवस्था, थाना परिसर में लगे सीसीटीवी का अवलोकन तथा पुलिस बल की उपस्थिति व तत्परता की गहन समीक्षा की। वही पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारी को थाने में आये फरियादों का त्वरित निष्पादन करने,एवं पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने,गस्ती व्यवस्था को और प्रभावी बनाने हेतु कई दिशा निर्देश दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, एसआई प्रमोद कुमार गुप्ता,संतोष सिंह सहित सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## आज मेंटेनेंस कार्य के कारण 8 घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत में रविवार को 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार, सुबह 09 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की जाएगी। विभाग ने बताया कि पावर ग्रिड स्टेशन मशरक में आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाएंगे। इसी के चलते यह अस्थायी आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय बिजली अभियंता अभिषेक कुमार ने जानकारी दी कि मशरक टाउन (फिडर 04) और हनुमानगंज (फिडर 02) रविवार को सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक इन फीडरों से जुड़े उपभोक्ताओं को 8 घंटे की बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य बिजली कटौती से पहले निपटा लें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार ने स्पष्ट किया कि यह मेंटेनेंस कार्य भविष्य में बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बिजली प्रवाह अधिक स्थिर और सुरक्षित रहेगा। बिजली विभाग ने बताया कि सभी तकनीकी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे कर लिए जाएंगे और उपभोक्ताओं को अतिरिक्त समय तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मेंटेनेंस एक नियमित प्रक्रिया है, जो खराबी, ट्रिपिंग और लाइन फॉल्ट जैसी समस्याओं को रोकने के लिए की जाती है। नगर पंचायत मशरक के कई हिस्सों में इस अस्थायी बिजली कटौती का प्रभाव पड़ेगा, लेकिन विभाग ने आश्वस्त किया है कि यह कदम लंबे समय में निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि में धैर्य और सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया गया है।

## उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा से मिले ई. आदित्य सिंह

**दैनिक खोज खबर/अमनौर/पटना।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा (युवा मोर्चा) के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह ने बिहार सरकार के नव-नियुक्त उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।मुलाकात के दौरान ई. आदित्य सिंह ने आशा व्यक्त की कि उप मुख्यमंत्री के रूप में विजय सिन्हा का कार्यकाल बिहार के सर्वांगीण विकास, सुशासन और जनसरोकारों की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने राज्य एवं केंद्र के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। साथ ही उन्होंने नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।बताते चलें कि ई. आदित्य सिंह, अमनौर प्रखंड के धरहरा कला गाँव निवासी तथा पूर्व जिला पार्षद आशुतोष कुमार सिंह के सुपुत्र हैं।

## अश्लील गीत का विरोध करने पर युवक की चाकू गोदकर हत्या, सनसनी

**परवेज अख्तर/सीवान।** धनौती थाना क्षेत्र के हाता टोला धनौती गांव में शनिवार की सुबह पीड़िया विसर्जन के दौरान अश्लील गीत का विरोध करने पर गांव के कुछ युवकों ने एक युवक को चाकू घोंप कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया, पटना जाने के क्रम में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हाता टोला धनौती गांव निवासी झूलन प्रसाद के पुत्र गुड्डू प्रसाद उर्फ रशीद के रूप में हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं पोस्टमार्टम बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब आठ बजे के आसपास पीड़िया विसर्जन हो रहा था। जहां गांव से ही दो ट्रैक्टर पर डीजे निकला था। डीजे पर मनचलों ने अश्लील गीत बजाना शुरू कर दिया। अश्लील गीत का विरोध गुड्डू द्वारा किया गया। गुड्डू ने गीत बजाने वालों की शिकायत करने की बात कही। इसके बाद शरारती तत्वों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। तभी बदमाशों ने गुड्डू के कमर में चाकू से वार कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया।

## आगामी तीन महीने तक चार जोड़ी ट्रेनों का परिचालन किया गया निरस्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** ठंड व कोहरा को लेकर रेलवे द्वारा सिवान जंक्शन से गुजरने वाली चार से अधिक ट्रेनों को अगले माह से फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है। इसका सीधा असर सिवान से पूरब और पश्चिम की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों पर पड़ेगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में इस क्षेत्र में कोहरे का प्रभाव रहता है। जिसे ध्यान में रखते हुए निरस्तीकरण में 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, 26 एवं 29 दिसंबर तथा 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 जनवरी तथा 02, 06, 09, 13, 16, 20, 22, 27 फरवरी, 2026 को निरस्त रहेगी। 15904 चंडीगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24, 28 एवं 31 दिसंबर, 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 एवं 28 जनवरी तथा 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22 एवं 25 फरवरी को निरस्त रहेगी। आवृत्ति में कमी 15033/15034 पाटलिपुत्र-लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 01, 02, 03, 08, 09, 10, 15, 16, 17, 22, 23, 24, 29, 30, 31 दिसंबर, 05, 06, 07, 12, 13, 14, 19, 20, 21, 26, 27, 28 जनवरी तथा 02, 03, 04, 09, 10 एवं 11 फरवरी को निरस्त रहेगी। 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस 07, 14, 21 एवं 28 दिसंबर, 04 11, 18 एवं 25 जनवरी तथा 01, 08, 15 एवं 22 फरवरी को निरस्त रहेगी। 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 09, 16, 23 एवं 30 दिसंबर, 06 13, 20 एवं 27 जनवरी, 2026 तथा 03, 10, 17 एवं 24 फरवरी को निरस्त रहेगी। 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस 01, 04, 08, 11, 15, 18, 22, 25 एवं 29 दिसंबर, 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी तथा 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23 एवं 26 फरवरी, 2026 को निरस्त रहेगी। 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस 02, 05, 09, 12, 16, 19, 23, 26 एवं 30 दिसंबर, 02, 06, 09, 13, 16, 20, 23, 27 एवं 30 जनवरी तथा 03, 06, 10, 13, 17, 20, 24 एवं 27 फरवरी को निरस्त रहेगी।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थाना क्षेत्र के चांप स्थित हनुमान मंदिर के समीप शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कर डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा दिया। मृतक की पहचान छपरा के एकमा थाना क्षेत्र के नौतन निवासी रामबहाल यादव के पुत्र योगेंद्र यादव के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान शशि भूषण तिवारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर सिवान जा रहे थे। जैसे ही वे चांप गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे योगेंद्र यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे शशि भूषण तिवारी सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सराय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सराय थाना प्रभारी विकास कुमार बिट्टू दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुट गए। बताते चलें कि मृतक और घायल दोनों एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। जो प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह भी ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। इधर इस घटना के बाद स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया हैं।

## बंद मकान का ताला तोड़कर नकद सहित लाखों की चोरी

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के बिंदुसार बुजुर्ग गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकद सहित बीस लाख की संपत्ति चोरी कर ली। चोरी की जानकारी मकान मालिक को शनिवार की सुबह तब हुई, जब वे घर पहुंचे। पीड़ित ने पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है। पीड़ित परिवार अपने पिता की मृत्यु के बाद पुश्तैनी घर गया हुआ था, तभी चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में बिंदुसार बुजुर्ग निवासी अफसाना खातून ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु हो गई थी, इस कारण पूरा परिवार बड़हरिया थाना क्षेत्र के रोहड़ा खुर्द गांव गया हुआ था। घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान रात में चोरों ने मेन गेट और कमरे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान चोरी कर ली। पीड़िता अफसाना खातून ने बताया कि चोरी गए सामान में करीब बीस लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 4 लाख 30 हजार रुपये नकद शामिल हैं। नकद राशि में कुछ विदेशी मुद्रा (रियाल) भी थी। यह सारी जमा-पूंजी उन्होंने अपनी दो बेटियों की शादी के लिए जमा कर रखी थी। जिसे चोरों ने एक ही रात में गायब कर दिया। घटना की जानकारी तब हुई जब पड़ोसियों ने देखा कि घर का दरवाजा खुला है। उन्होंने फोन करके अफसाना खातून को सूचना दी। जब परिवार सुबह छह बजे वापस लौटा, तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी खाली है। बताया कि घर के ठीक सामने स्थित एक निजी अस्पताल के सीसी कैमरे में चोरी की यह घटना कैद हो गई है। फुटेज में दो चोर घर के अंदर घुसते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस से सीसी फुटेज और फोटो के आधार पर चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## ठंड व कोहरे में ट्रेनों के संचालन को लेकर होगी जांच

**सिवान।** ठंड और कोहरे वाले मौसम में ट्रेन संचालन की चुनौतियों को देखते हुए रेल मंडल द्वारा विंटर सेफ्टी के सभी उपायों को अपनाते हुए विंटर सेपटी/फाग सेफ्टी ड्राइव मिशन मोड में शुरू कर दिया गया है। जिसका उद्देश्य ठंड में भी ट्रेनों का संचालन सुरक्षित, नियंत्रित तथा निर्बाध रूप से सुनिश्चित करना है। कोहरा एवं ठंड के मौसम में नई चुनौतियों को लेकर रेलवे प्रशासन मिशन मोड में फाग सेफ्टी ड्राइव चला रहा है, ताकि इस मौसम में ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित एवं स्वीकृत गति से हो सके। ठंड के कारण तापमान में गिरावट को देखते हुए प्वाइंट्स और क्रासिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सभी प्वाइंट्स एवं क्रासिंग की विशेष जांच की जा रही है। रात में पेट्रोलिंग के लिए सभी उपकरण तैयार रखे गए हैं। क्रू एवं ट्रैफिक विभाग को फाग पैटर्न के अनुसार चलने के निर्देश दिए गए है। कोहरे की तीव्रता के अनुसार ट्रेन चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि कोहरे से संभावित विलंब की सूचनाएं समय-समय पर प्रसारित की जा रही है।

## सीवानःखुला रहा रेलवे फाटक पास हुई ट्रेन, प्रसारित वीडियो को एसएस ने बताया गलत

**परवेज अख्तर/सीवान।** कचहरी रेलवे ढाला पर जाम की समस्या रोजमर्रा की परेशानी बन गई है। इस दौरान एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसमें रेलवे ढाला के दोनों तरफ जाम लगा हुआ है और रेलवे फाटक खुला हुआ है। इसी दौरान सिवान कचहरी स्टेशन से थावे के लिए ट्रेन रवाना हो गई। ट्रेन आती देखकर लोग भागने लगे। वहीं कुछ लोग अपना मोबाइल निकाल कर वीडियो बनने लगे। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो गलत है। जब तक ढाला बंद नहीं होगा ट्रेन पास नहीं हो सकती है। बता दें कि सिवान कचहरी ढाला पर ट्रेनों के लगातार परिचालन के कारण जैसे ही गेट बंद होता है सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे आमजन, विशेषकर प्रखंड मुख्यालय कार्यालय, बैंक, पुलिस सहित स्कूल-कालेज आने जाने वाले विद्यार्थियों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थिति ऐसी हो जाती है कि दोपहिया से लेकर भारी वाहन तक सभी घंटों जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ढाला पर जाम की समस्या वर्षों से बनी हुई है, लेकिन समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गेट बंद होते ही सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो जाती है, जिससे कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है।

